**उ.प्र. में आजमगढ़ और मुजफ्फरनगर के गांवों का विद्युतीकरण**

2594. **श्री मुनव्वर हसन**: क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षो के दौरान उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फनगर और आजमगढ़ के कितने गांवो का विद्युतीकरण किया गया है;

(ख) 31 अक्तूबर 1998 की स्थिति के अनुसार कितने गांवों का विद्युतीकरण अभी किया जाना है; और

(ग) इन दोनों जनपदों के सभी गावों का विद्युतीकरण कब तक दिया जाएगा?

**विद्युत मंती (श्री पी. आर . कुमारमंगलम)**: (क) गत तीन वर्षो के दौरन ग्रामीण विद्युतीकरण निगम कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के मुजफ्फनगर और आजमगढ़ जिले में विद्युती कृत गांवों की संख्या नीचे दी गई है ;

| | | 1995-96 | 1996-97 | 1997-98 |
|---|---|---|---|---|
| मुजफ्फनगर | नये गावों का विद्युतीकरण | 2 | 17 | 3 |
| आजमगढ़ | नये गावों का विद्युतीकरण | 35 | 3 | 16 |

( (ख) 31 अक्तूबर , 1998 की स्थिति के अनुसार अभी विद्युतीकृत किए जाने वाले गांवों की संख्या निम्नवत हैः—

| **जिला** | **गैर-विद्युतीकरण गांवों की संख्या** 31.10.1998 **की स्थितिनुसार** |
|---|---|
| मुजफ्फरनगर | 214 |
| आजमगढ़ | 2523 |

(ग) ग्रामीण विद्युतीकरण एक सतत प्रक्रिया है तथा उत्तर प्रदेश में मुजफ्फरनगर और आजमगढ़ जोलों में शेष गांवों का विद्युतीकरण वित्तिय संसाधनों की उपलब्ध्ता म, राज्य में विद्युत आपूर्ति की स्थिति , पारेषण एवं वितरण प्रणालियोण के नेटवर्क तथा अन्य संबंधित घटकों पर निर्भर करता है।

**राज्य में विद्युत का वार्षिक उत्पादन**

2595. **श्री चीमनभाई हरिभाई शुक्ला** : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षो के दौरान प्रतिवर्ष राज्य-वार कितनी मेगावट विद्युत उत्पादन किया गया तथा मांग और खपत कितनी-कितनी रही;

(ख) उक्त अवधि में, मांग ,खपत और उत्पादन के बीच अन्तर का पृथक-पृथक ब्यौरा क्या है;

(ग) नौवीं योजना के दौरान निजी और सरकारी क्षेत्रो में विद्युत उत्पादन क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है; और

(घ) केन्द्रीय विद्युत पूल में प्रत्येक राज्य के लिए आरक्षित विद्युत का प्रतिशत क्या है?

**विद्युत मंत्री (श्री पी. आर. कुमारमंगलम)**: (क) और (ख) गत पंच वर्षो के दौरान उर्जा उत्पादन के राज्यवार आकड़े अनुबंध में दिये गये है , [**देखिए परिशिस्ट** 185, **अनुपत्र स.** 65] उर्जा की आवश्यकता, उपलब्धत ओर कमी के राज्यवार आकड़े अनुबंध में दिये गये है। [**देखिए परिशिष्ट** 185, **अनुपत्र स.** 65]

(ग) नौवी पंचवर्षिय योजना को अंतिम रूप प्रदान नही किया गया है।

(घ) सूचनाए अनुबंध में दी गई है । [**देखिए परिशिष्ट** 185, **अनुपत्र स.** 65]